'घीसा' नामक पटकथा महादेवी जी के झूसी के आस-पास के एक गाँव में जाने की योजना बनाने और अगले दिन सवेरे वहाँ जाने से शुरू होती है। वहाँ के बच्चों की गतिविधियों उछल-कूद, उदंडता को देखकर बच्चों से बातचीत करते हुए जब महादेवी जी उन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती हैं तो बच्चों द्वारा अपने और अपने गाँव के अभावों के चलते पढ़ाई शुरू कर पाना असंभव बताया जाता है। जब महादेवी जी उन्हें बुनियादी साधन प्रदान कर उनके गाँव के बाहर ही एक पेड़ के नीचे पाठशाला चलाने का प्रस्ताव रखती हैं तो बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहता। गाँव के बुजुर्गों को इस बात का पता लगता है तो महादेवी के प्रति कृतज्ञता की भावना उनके मन में आती है। उधर महादेवी जी की परिचारिका बुआ को इतवार के दिन भी चैन से विश्राम न मिल पाने की संभावना कष्ट दे रही है। तभी एक स्त्री (घीसा की माँ), अपने बच्चे (घीसा) के साथ आती है। महादेवी से पूछती है कि क्या वह गाँव में पाठशाला खोल रही है? महादेवी समझ जाती है कि वह अपने बच्चे को पढ़ाना चाहती है और बच्चे को स्कूल आने को कह देती है। स्त्री उन्हें बालक के पितृविहीन होने की सूचना देने के साथ-साथ यह भी बताती है कि उसके स्त्री-स्वाभिमान और स्वावलंबन की आकांक्षा के कारण गाँव के लोग उसके विरोधी हैं। उसे गाँव में मेहनत मजदूरी का काम नहीं दिया जाता इसलिए दूर के गाँवों में जाना पड़ता है। उसके बच्चे को भी अन्य बच्चों से सौहार्द की बजाय डाँट-फटकार ही मिलती है। महादेवी उसे प्यार से पढ़ने बुलाती हैं तो बच्चा उनका उपकार मानते हुए इतवार को उनके आने से पहले अपनी माँ से ज़िद कर चबूतरा लिपवाता है और स्वयं आस-पास चारों तरफ झाड़ू लगाता है।

iVdFkk dk fodkl

घीसा महादेवी जी की प्रतीक्षा नदी तट पर करता है और पहुँचने पर उनका स्वागत करते हुए उन्हें नमस्कार करता है। उनके द्वारा लाया गया ब्लैक बोर्ड उठाकर पाठशाला में पहुँचाता है। महादेवी ब्लैक बोर्ड पर लिखना शुरू करती हैं तो वह ध्यान से उनकी ओर देखता हुआ समझना चाहता है कि वह क्या बता रही हैं। जबकि अन्य सभी बच्चे अपना ध्यान स्लेट-किताबों पर लगाए हैं। उन्हें पाने के लिए ऐसे झपटते हैं कि भगदड़-सी दिखाई देती है और बुआ को उन्हें डाँट कर काबू में करना पड़ता है। स्लेट-किताब मिलने पर कोई-कोई तो अपने भाई के लिए भी माँगने लगता है। घीसा को जब स्लेट-किताब मिलती है तो वह उसे सम्मान से माथे पर लगाता हुआ चुपचाप अपनी जगह जाकर बैठ जाता है।

वह जानता है कि अन्य बच्चे उसे अपने बराबर नहीं बैठने देंगे अतः कक्षा में वह सबसे पीछे की ओर हट कर बैठता है ताकि कोई उसे रोके-टोके नहीं। उसका पूरा ध्यान ब्लैक बोर्ड पर लिखे अक्षरों की ओर रहता है। वर्णमाला को दोहराते हुए अन्य बच्चों से अलग उसका व्यवहार, उसकी तल्लीनता महादेवी जी का ध्यान आकृष्ट करती है। वह उसे आगे आकर बैठने को कहती हैं। थोड़ी झिझक के साथ वह उठकर आगे आकर बैठता है तो अन्य बच्चे उससे अलग खिसक जाते हैं। महादेवी जी इस पर ध्यान देती हैं मगर कुछ कहती नहीं।

बुआ गाँव की औरतों से मिलने जाती हैं तो औरतें शंका प्रकट करती हैं कि मुफ्त में कोई क्यों पढ़ाएगा? कौन स्लेट-किताब देगा? किंतु बुआ महादेवी जी की समाज-सेवा भावना के विषय में उन्हें बताती है और महादेवी जी से अपनी निकटता की चर्चा करती है। मौका पाकर गाँव

की स्त्रियाँ महादेवी को संदेश भेजती हैं कि घीसा को पाठशाला में न बैठाएँ। वह पिता की मृत्यु के बाद पैदा हुआ है। इसलिए दूसरे बच्चों से दूर रखने लायक है। बुआ तो उन लोगों की बातों से प्रभावित हो जाती हैं किंतु जब महादेवी जी को यह संदेश मिलता है तो वह इस बात को कोई महत्त्व नहीं देतीं।

पढ़ाई के साथ-साथ महादेवी बच्चों को शरीर की सफाई के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास करती हैं। दाँत साफ करके, नहा के, साफ कपड़े पहन कर स्कूल आने की सीख देती हैं। कक्षा समाप्त होने के बाद सब बच्चे शोर मचाते हुए भाग जाते हैं तो घीसा दूर एक पेड़ के नीचे अपनी रोटी निकाल कर खाने लगता हैं।

अगले रविवार को जब पाठशाला लगती है तो महादेवी को महसूस होता है कि इस नितांत निर्धन गाँव के बच्चों को साफ कपड़े पहन कर आने का सुझाव देने से इनके परिवारों की विपन्नता और साधनहीनता उजागर हो उठी है। कपड़े या उन्हें धोने के लिए साबुन जुटाना इनके लिए कितना कठिन या लगभग असंभव सा है –

> *''महादेवी जी एक नज़र सारे बच्चों पर डालती हैं। किसी ने मुँह रंगड़ कर इतना साफ कर लिया है कि नकली चेहरे का अहसास देता है··· कोई केवल बनियान-कच्छा पहनकर ही आ गया है, कोई बड़े भाई की कमीज़ पहनकर आ गया··· एक विचित्र दृश्य उपस्थित है··· । सबने उनका आदेश माना है* xxx *इतने में घीसा आता दिखाई देता है* xxx *गीले बाल, गीले कपड़े पहने घीसा आँखें नीचे किए अपराधी की तरह गुरुजी के सामने आ खड़ा होता है। उसका रोम-रोम जैसे अपराध के लिए क्षमा याचना कर रहा हो।* xxx *देरी के वास्ते माफी।''*

महादेवी जी व्यथा से भीतर तक सिहर जाती है। थोड़ी देर पहले जो महादेवी बच्चों को सिखा रही थीं कि घीसा नहीं आया तो उन्हें ही सफाई कर लेनी चाहिए थी क्योंकि पाठशाला में पढ़ते तो सभी है, वही महादेवी अभावों के बावजूद बच्चों में आज्ञा पालन का भाव देखकर थोड़ी देर के लिए विकल हो जाती हैं।

अगले रविवार महादेवी जी बच्चों को जलेबी बँटवाती हैं। शोर मचाते हुए बच्चे एक बार पा लेने के बाद और माँगते हैं किन्तु घीसा अपना हिस्सा लेने के बाद और नहीं माँगता है बल्कि महादेवी जी जब प्यार से पूछती हैं कि तुम्हें और नहीं चाहिए तो वह सिर हिलाकर इनकार कर देता है।

अगले इतवार के दृश्य में घीसा बीमार है तेज़ बुखार है किंतु उसका मन पाठशाला में अटका हुआ है। पढ़ा हुआ पाठ दोहराता है। तभी ग्वाले से पता लगता है कि शहर में दंगा हो गया है। भयंकर मारकाट मची है।

घीसा को महादेवी की चिंता होती है और अत्यंत कमजोरी के बावजूद पाठशाला की ओर चल पड़ता है। उधर से महादेवी जी भी घीसा को देखने उसके घर की ओर चली आ रही हैं, शायद उन्हें उसकी बीमारी की सूचना मिली है। उन्हें देखकर घीसा उनकी टाँगों से लिपट जाता है और उनसे जिद करता है कि शहर वापस न जाएँ क्योंकि वहाँ दंगा हो रहा है उनके लिए खतरा है। घीसा की जिद के आगे उनका वश नहीं चलता तो वह समझाती है कि उनके पास बहुत से बच्चे हैं जो माता-पिता से दूर उन्हीं की देखभाल में रहते हैं। दंगे की हालत में उन बच्चों के पास जाना गुरुजी के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि उनके डर को दूर करने वाला कोई वहाँ नहीं है। ऐसी हालत में यदि उन्हें कोई भी नुकसान हो गया तो पाप तो गुरुजी को ही लगेगा। बहुत प्यार से घीसा के सिर पर हाथ फेरती हुई महादेवी उसे आश्वासन दिलाती हैं कि वह घाट से पुलिस की सुरक्षा में अपने निवास पर जाएंगी। घीसा उनकी बात मानकर ज़िद छोड़ देता है लेकिन आँसू उसकी चिंता व्यक्त कर देते हैं। बुखार ठीक न होने तक आराम करने की सलाह देते हुए महादेवी नम आँखों से बाहर निकल जाती हैं।

iVdFkk dh ifj.kfr

उसके बाद कई इतवार गुरुजी नहीं आतीं। घीसा नदी किनारे बैठा प्रतीक्षा करता है। ग्वाले से पता चलता है कि गुरु जी बीमार हैं और हवा-बदली के लिए पहाड़ पर जाने वाली है। जाने से पहले बच्चों से मिलने अगले इतवार को आएँगी। पर अब पाठशाला नहीं चला पाएँगी।

अगले दृश्य में महादेवी बच्चों से विदा लेने आती हैं। बच्चों से कहती हैं कि जो पढ़ा है उसे भूल न जाएँ बार-बार अभ्यास करें। बच्चे उनकी गैर मौजूदगी में अपनी पढ़ाई जारी रखने के

प्रति शंका अपने मासूम ढंग से व्यक्त करते हैं। किसी को बारिश में चूते घर से तो किसी को चूहों से किताब संभालने की चिंता हैं। घीसा को मौजूद न पाकर वह एक बच्चे को उसे बुलाने भेजती हैं। वह घर पर नहीं मिलता तो महादेवी को ताज्जुब होता है तभी एक बच्चा कहता है कि पाठशाला तो उसी ने साफ की है। बुआ कहती हैं ज्यादा देर न बैठें, अब आराम की जरूरत है। महादेवी वापस चल देती हैं।

तभी पीछे एक बड़ा-सा तरबूज लिए घीसा गुरुजी कह कर पुकारता है। यह जानकर कि उनके लिए यह उपहार लाने के लिए पैसों के अभाव में उसने अपना कुरता खेत वाले के लड़के को दे दिया महादेवी का हृदय भर आता है, गला भिंच जाता है। बच्चे का निस्वार्थ स्नेह पाकर वह तरबूज हाथ में ले लेती हैं यह कहते हुए *''इतना कीमती उपहार मुझे आज तक किसी ने नहीं दिया मेरे बच्चे।''*

उनकी जाती हुई नाव को उदास भाव से एकटक देखते घीसा पर फोकस करती हुई पटकथा समाप्त हो जाती है।

ck/k i:'u

1. रेखाचित्र को पटकथा में बदलते हुए 'घीसा' के कथानक की अंतिम परिणति में क्या कोई परिवर्तन किया गया है?

   .....

   .....

2. क्या रूपांतरण की प्रक्रिया में कोई नए पात्र पटकथा में लाए गए हैं?

   .....

   .....

   .....

vH;kl

1. किसी रचना को पटकथा में रूपांतरण करते समय क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है? (10 पंक्तियों में उत्तर दीजिए)

   .....

   .....

   .....

   .....

   .....

   .....

   .....

   .....

   .....

   .....

25-5 pfj=-fp=.k

यह पटकथा चूँकि रेखाचित्र पर आधारित है अतः रेखाचित्र की लेखिका महादेवी वर्मा और घीसा नामक जिस बच्चे पर यह रेखाचित्र लिखा गया है वही इसके प्रमुख पात्र हैं। इनके अलावा बुआ, घीसा की माँ, गाँव की औरतें, पहला-दूसरा-तीसरा चौथा लड़का, आजी, ग्वाला, गाँव के दो-तीन बूढ़े थोड़ी-थोड़ी देर के लिए आते हैं।

egknsoh th

इलाहाबाद में गंगा के पास झूसी के किले के खंडहरों और उसके आसपास के गाँवों के प्रति महादेवी का विशेष आकर्षण उनके व्यक्तित्व की कई विशेषताओं को सामने लाता है। इनमें प्रमुख हैं समाज सेवा, जनजागरण और शिक्षा का प्रसार करने का प्रयास। यह सभी कार्य वह स्वप्रेरणा से वैयक्तिक रूप से करती हैं कोई प्रचार किए बगैर और किसी से कोई मांग किए बगैर। आम नगरवासियों की तरह वह अपना छुट्टी का दिन मित्रों से मिलने-जुलने या

मनोरंजन के लिए सैर सपाटों में गुजारने की बजाय गंगा किनारे के प्राचीन अवशेषों और आसपास की देहाती गरीब ग्रामीण बस्तियों में बिताना पसंद करती हैं। वहाँ के लोगों को नज़दीक से देखने और उनके जीवन की झलक पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करने के अलावा वह उनके बच्चों के जीवन से खुद को जोड़ने, उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करती हैं। वह चाहती हैं कि भावी पीढ़ी सजग और शिक्षित होकर अच्छा नागरिक बने। इसलिए बिना किसी समुचित तालीम के इधर-उधर घूमते हुड़दंग मचाते ग्रामीण बच्चों से बातचीत करके उनके मन में पढ़ाई का आकर्षण जगाती हैं :

yMdk % पढ़ाइगा कौन... गुरुजी तो हइये नई?
nlljk yMdk % और सिलेट-किताब देगा कउन?
egknoh th % मैं पढ़ाऊँगी... स्लेट किताब भी मिलेगी फिर तो पढ़ोगे।
cPp % हाँ, तब तो जरूर पढ़ि हैं। (बच्चों के चेहरे पर उल्लास दिखाई देता है)।
egknoh th % ठीक है तो सब बच्चों को जाकर बता दो कि हर इतवार को यहाँ (पेड़ के नीचे इशारा करके) पाठशाला लगा करेगी... सब बच्चे पढ़ने आया करेंगे।

शिक्षा से वंचित बच्चों को पढ़ाने का प्रयास करती हुई महादेवी जी सप्ताह के अंत की अपनी एक छुट्टी इन बच्चों के लिए अनौपचारिक पाठशाला चलाने में बिताने लगती हैं।

वह न केवल अपना समय ही इन बच्चों की पढ़ाई शुरू करने में देती हैं बल्कि उनकी पढ़ाई के लिए सामान्य साधन भी अपनी ओर से जुटाती हैं जोकि गाँव के लोगों के लिए कौतुहल और संतोष की बात है–

क) *",d vkjr % हम सुना तो रहे कि पाठसाला खुलिहै .... पर भरोसा नाहीं हुआ... अरे कउन फोकट में आइके पढ़ाई... किताब सिलेट देइ।*
cvk % हमार दिदिया का न पूछो... जइसी ज्ञानी... वइसी ही दानी...अरे ई का...वहाँ सहर मा जाने का-का देत रहत हैं"

ख) *,d ctxl % ऊ जो सवेरे गाँव मा आई रहीं... पाठसाला खोले खातिर ही आई रहीं सायद।*
nljk % भला हो उनका... दो अच्छर इन निखट्टू लरिका को पढ़ा देइ तो ई भी अकिल की दो बात सीख जइहैं।
rhljk % अउर का...नाहीं तो सारा दिन हुड़दंग।

बच्चों को अक्षर-ज्ञान, शब्द-ज्ञान कराने के साथ महादेवी जी स्वच्छता, शिष्टाचार और परस्पर सम्मान की भावना भी बच्चों को सिखाती हैं। घीसा के प्रति सबका उपेक्षा का भाव देखते हुए उसे सबकी बराबरी में बैठने, पढ़ने की प्रेरणा देती हैं। उसके भीतर औरों के बराबर होने का आत्मविश्वास जगाती है।

महादेवी के व्यक्तित्व की सहिष्णुता के दर्शन इस पटकथा में जगह-जगह होते हैं। बच्चों की पढ़ाई की कोई व्यवस्था न देखकर वह उनके लिए साप्ताहिक पाठशाला शुरू करने की घोषणा कर देती हैं। शाम को जब वापस जाने के लिए गंगा तट पर नाव की प्रतीक्षा कर रही हैं तभी देखती है कि एक दरिद्र स्त्री अपने अर्धनग्न बच्चे के साथ उनके पास आती है। उससे पता चलता है कि गाँव के लोग उसका तथा उसके बच्चे का बहिष्कार करते हैं। उसकी वेदना को समझते हुए बच्चे को पढ़ने के लिए आने को कहती हैं।

महादेवी जी के व्यक्तित्व का जो पहलू इस पटकथा से उभरता है वह है उनकी संवेदनशीलता, करुणा और वात्सल्य का। गाँव के बच्चों को ठलुआ उछलते-कूदते शैतानी करते देख वह उन्हें शिक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने की कोशिश करती हैं। उनकी दरिद्रता को समझते हुए उनकी पढ़ाई शुरू करने के लिए स्वयं साधन जुटाती हैं।

इसके साथ ही घीसा के प्रति गाँव में जो उपेक्षा और भेदभाव का वातावरण है उसे भी अपनी ओर से समाप्त करने का प्रयास करती हैं। उसे सबकी बराबरी का सम्मान कक्षा में दिलाती हैं। बुआ के माध्यम से गाँव की औरतों का संदेश मिलता है कि वह घीसा को पाठशाला में न आने दें। किंतु महादेवी जी उस पर ध्यान नहीं देतीं। अपनी विद्वेष रहित दृष्टि से वह घीसा के गुणों को देख पातीं हैं और उन गुणों की कद्र करती हैं। स्वाभाविक ही है कि बदले में वह उसका इतना अधिक निश्छल अनुराग पाती हैं कि उनकी आँखें बार-बार नम हो आती हैं।

बच्चों को रहन-सहन की सफाई के बारे में बताने के परिणामस्वरूप साधनहीन बच्चों का हुलिया जहाँ उनका मनोरंजन भी करता है वहीं यह भी अहसास कराती है कि इतनी विपन्नता की स्थिति में सफाई की सीख देना भी कितना विडम्बनापूर्ण सिद्ध हो सकता है।

घीसा की सरलता और सच्चाई उनके हृदय को बार-बार द्रवित करती है। उसकी अनुपस्थिति से चिंतित हो उसके घर जाती हैं।

बीमारी के कारण जब हर इतवार पाठशाला चलाना सम्भव नहीं रहा तो स्वास्थ्य-लाभ के लिए पहाड़ पर जाने से पहले वह अपने ग्रामीण छात्रों से मिलकर उनसे विदा लेने आती हैं। उन्हें यह ध्यान दिलाती हैं कि जो कुछ पढ़ा है उसका अभ्यास करना भूल मत जाना। वह हृदय से चाहती है कि बच्चे निठल्ले न रहें–साथ-सुथरे रहना सीखें, थोड़ा बहुत जो पढ़ा है उसे याद रखें। जब उन बच्चों के बीच घीसा नहीं दिखाई देता तो उसे बुलाने के लिए एक बच्चे को भेजती हैं। घर में घीसा के न होने की बात सुनकर चिंतित हो जाती हैं। जब घीसा एक बड़ा-सा तरबूज लिए प्रकट होता है तो उन्हें शंका होती है कि कहीं उसने चोरी तो नहीं की। जब उन्हें पता चलता है कि वह अपना नया कुरता देकर यह तरबूज खरीद लाया है तो बच्चे का निष्कपट प्रेम पाकर उनका वात्सल्य उमड़ आता है। भावातिरेक से उनकी आँखें नम हो जाती हैं बच्चे को गले लगा कर उनके मुख से यह शब्द निकल पड़ते हैं–*''इतना कीमती उपहार तो आज तक मुझे किसी ने नहीं दिया मेरे बच्चे।''*

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि इस पटकथा में महादेवी एक लोक कल्याण को समर्पित एक स्वयंसेवी लेखिका के रूप में उभरती हैं।

?kh l k

पटकथा का केंद्रीय पात्र घीसा नाम का बच्चा है। शिक्षा से वंचित बच्चों को पढ़ाने का महादेवी जी का प्रयास गाँव के सभी बच्चों के लिए था किन्तु घीसा नाम का यह बालक अपनी लगन और निष्ठा के कारण न केवल महादेवीजी का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित करता है बल्कि अपने निस्वार्थ स्नेह के कारण उनके हृदय में स्थान बना लेता है। पाठशाला आरंभ होने की सूचना मिलते ही उसमें पढ़ने की इच्छा जागती है। वह जानता है कि गाँव के लोग –बड़े और बच्चे सभी– उसके प्रति हिकारत का भाव रखते हैं अतः अपनी माँ को लेकर महादेवी जी के पास आता है। माँ के पूछने पर *''आप हिंया पाठसाला खोल रही है?''* महादेवी समझ जाती हैं कि यह बच्चा भी पढ़ना चाहता है अतः माँ के प्रश्न के जवाब में बच्चे से पूछती है *''तुम पढ़ोगे उसमें?''* महादेवी के यह प्यार-भरे शब्द घीसा के स्वभाव के अनेक गुणों को प्रकट करने का माध्यम बन जाते हैं। पेड़ के नीचे जिस चबूतरे पर पाठशाला लगती है उसकी सफाई-लिपाई की जिम्मेदारी वह बिना किसी के आदेश के स्वयं अपनी सूझ-बूझ से अपने ऊपर ले लेता है। हर रविवार महादेवी के आने से पहले वह न केवल चबूतरे की बल्कि उसके आस-पास की ज़मीन की भरसक सफाई करता है। उसमें और अन्य बच्चों में बुनियादी अंतर यही है कि वह अपनी अक्ल लगाकर पाठशाला स्थल को स्वच्छ और व्यवस्थित करने की कोशिश करता है जबकि अन्य लड़कों का ध्यान उस तरफ जाता ही नहीं। वे गुल्ली-डंडा खेलने, पेड़ों पर चढ़ने या उछल-कूद में ही लगे रहते हैं। जब कभी घीसा सफाई न कर पाए तो अन्य कोई बच्चा इस ओर ध्यान ही नहीं देता। अन्य सभी बच्चे जब गुरुजी आ जाती हैं तब कक्षा में जाते हैं जबकि घीसा पाठशाला को व्यवस्थित करने के बाद गंगा किनारे पहुंच कर महादेवी के आने की प्रतीक्षा करता है। नाव में आती हुई दिखाई देती हैं तो न केवल झट से जाकर अन्य बच्चों को सूचित करता है बल्कि नाव में रखकर लाया गया ब्लैक बोर्ड अपने सिर पर उठा कर लाता है।

पढ़ाई में वह पूरा ध्यान लगाता है। पाठ अच्छी तरह से याद तो करता ही है जो कुछ सिखाया जाता है उसका अक्षरशः पालन करता है। कपड़े धोने के लिए साबुन जुटाने में विलम्ब के कारण जब वह गीले बाल और गीले कपड़े पहने, कक्षा में देर से आने के अपराध बोध से आँखें नीची किए गुरु जी के सामने खड़ा होता है तो महादेवी जी को एक क्षण महसूस होता है कि इन फटेहाल गरीबों से धुले हुए साफ कपड़े पहन कर आने को क्यों कहा? वे अपनी नम आँखें बच्चों से छिपाने के लिए बोर्ड की ओर मुड़ जाती हैं।

स्नेहपूर्ण होने के साथ-साथ अपनी ईमानदारी में भी घीसा अन्य बच्चों से अलग है। एक बार जब कक्षा में जलेबियाँ बंटती है तो अन्य सभी बच्चे किसी न किसी बहाने से और जलेबी माँगते

हैं पर घीसा चुपचाप जलेबी लेकर बैठ जाता है। महादेवी द्वारा पूछे जाने पर *''तुम्हें और जलेबी नहीं चाहिए?''* घीसा इनकार में सिर हिलाता है।

जब बीमार हो जाने के कारण वह स्कूल नहीं जा पाता तब तेज़ बुखार के बावजूद अपना पाठ बार-बार दुहराता है। बीमारी की हालत में जब उसे ग्वाले से पता चलता है कि इलाहाबाद शहर में दंगा हो गया है तो वह गुरु जी को शहर जाने से रोकने के लिए दौड़ पड़ता है। लड़खड़ाते काँपते पांवों से चलते हुए घीसा को जब गुरु जी रास्ते में मिल जाती हैं तो उसका गुरु जी के प्रति अपार स्नेह उमड़ पड़ता है। वह उनसे ज़िद करता है कि दंगे की हालत में शहर में हरगिज न जाएँ। महादेवी जी के बताने पर कि उनके पास ऐसे बच्चें हैं जो अपने माँ-बाप से दूर रहते हैं घीसा दुखी मन से अपनी ज़िद छोड़ देता है। वह समझ जाता है कि उन बच्चों के पास यदि गुरुजी नहीं पहुँचेगी तो यह उचित नहीं होगा।

पटकथा के अंत में, गुरु जी को विदा करते समय उनके प्रति घीसा की प्रेम भावना की चरम स्थिति में सामने आती है। जब वह अपने एकमात्र नये कुरते के बदले एक तरबूज गुरुजी के लिए ले आता है और उनसे उसे लेने का आग्रह करता हुआ कहता है ––

> *''आप हमार ई तरबूज ले लैव गुरुजी (भाववेश के कारण महादेवी भी न कुछ बोल पाती हैं न हिलडुल पाती हैं) आप न लेइहैं तो हम रात भर रौइबे··· छुट्टी भर रोइबे औ जो लै लेहिं तो रोज नहाय धोय के आपन पाठ याद करिबे··· (याचना भरे स्वर में लै लीजिए गुरु जी ···)*

महादेवी जी इस कीमती उपहार को हाथ में लेकर भाव विह्वल हो जाती हैं। इस तरह घीसा एक ऐसे बच्चे के रूप में चित्रित हुआ है जो न केवल अपनी उम्र से ज्यादा समझदार और जिम्मेदार है बल्कि ईमानदारीपूर्ण और सही काम ही करना चाहता है। महादेवी के प्रति उसका निश्छल स्नेह उनमें वात्सल्य भाव को जगा देता है।

यहाँ दो प्रमुख पात्रों पर चरित्र-चित्रण की दृष्टि से विचार किया गया है। अन्य पात्रों की विशेषताओं के आधार पर आप उनके चरित्र-चित्रण पर विचार कर सकते हैं।

25-6 ifjos'k

'घीसा' आजादी से पहले के भारतीय गाँव पर केन्द्रित रचना है। गाँव की गरीबी, गंदगी, शिक्षा के अभाव में बच्चों के मार्गदर्शन की कमी के परिवेश को चित्रित करता हुआ रेखाचित्र और उस पर आधारित पटकथा स्वेच्छा से ग्रामोत्थान कार्य में लगी लेखिका के प्रयास को उद्‌घाटित करती है। इस तरह इसका परिवेश सीधे-सीधे गाँव को चित्रित करने के साथ ही उन पढ़े-लिखे जागरूक नगरवासियों के प्रयासों को भी दर्ज करता है जो गुलाम भारत में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से समाज की अशिक्षा और कुप्रथाओं या अंधविश्वासों को दूर करने में लगे थे। इलाहाबाद में प्रयाग महिला विद्यापीठ जैसी संस्था को स्थापित कर संचालित करने वाली महादेवी वर्मा इस रचना में गंगा के उस पार झूसी के खंडहरों के निकटवर्ती गाँवों के लोगों के जीवन को निकटता से देखने और उसे यथासंभव सुधारने का प्रयास करती है। घीसा और उसकी विधवा माँ के प्रति जो हिकारत अथवा नापसंदी की भावना और लांछन लगाने की प्रवृत्ति गाँव में फैली है उसे भी वे दूर करने का अप्रत्यक्ष प्रयास करती हैं। उस स्त्री (घीसा की माँ) की आप बीती सुनकर उसकी आत्म-सम्मान की भावना को समझते हुए वह स्वयं घीसा को पाठशाला में बुलाती हैं उसे आगे आकर बैठने के लिए कह कर अन्य बच्चों के सामने स्पष्ट कर देती हैं कि उनके मन में घीसा अन्य बच्चों के समान है किसी से कमतर नहीं। लेकिन जब घीसा आगे आकर और बच्चों के पास बैठता है तो वे बच्चे उससे दूर खिसक जाते हैं। गाँव में किसी व्यक्ति को जाति बाहर या समाज बाहर करने की विद्वेषपूर्ण मानसिकता को उजागर करते हुए उसके शमन का प्रयास इस पटकथा/रेखाचित्र में हुआ है।

बुआ के माध्यम से शहराती परिवेश की उस मानसिकता को भी सामने रखा गया है जो गाँवों/ग्रामीण लोगों को अपने से हीन समझता है–

''हे भगवान! और कहीं जाने को नहीं मिला? अरे इतवार के दिन लोग सैर-सपाटे को निकलें··· मिलना-जुलना करें··· सलीमा-थियेटर देखें··· और ई जाएँगी झूसी xxx अरे सुन रहे हो तुम··· कल झूसी का सैर-सपाटा होयगा अब। बड़ा बाग-बगीचा है न वहाँ।''

जिस समय महादेवी जी ने अपने रेखाचित्र और संस्मरण लिखे थे वह स्वाधीनता आंदोलन और समाज-सुधार के प्रयासों का समय था। शिक्षा का प्रसार उन प्रयासों में से एक था। लोग अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग थे स्वयं तकलीफ उठाकर उन्हें निभाना चाहते थे। नई पीढ़ी यानी बच्चों के विकास के प्रति अपनी जिम्मेदारी महसूस करते हुए उनमें यह भावना जागी थी कि साधनहीन बच्चों की शिक्षा के लिए अपनी ओर से कुछ प्रयास किया जाय। 'घीसा' नामक पटकथा/रेखाचित्र इसी भाव का विस्तार है। इसे पढ़ कर पता चलता है कि विपन्न स्थितियों में रहने वाले बच्चों का मार्गदर्शन करने पर वह न केवल मन लगाकर पढ़ने और अच्छी बात सीखने का प्रयास करते हैं बल्कि अच्छा मनुष्य बनने के प्रयास में जी-जान से लग जाते हैं। सफाई रखने की शिक्षा बच्चों द्वारा पालन इसका उदाहरण है। इस तरह शहरी और ग्रामीण समाज के विभिन्न वर्गों तथा मानसिकताओं के परिवेश को पाठक/दर्शक के सामने लाकर 'घीसा' भारतीय समाज की असलियत के कई रूप प्रस्तुत करता है।

ck/k iz'u

3. 'घीसा' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों का 'हाँ' या 'नहीं' में उत्तर दीजिए–
   - क) 'घीसा' के माध्यम से एक उन्नत गाँव की तस्वीर उभरती है। ( )
   - ख) महादेवी वर्मा यहाँ एक समाज-सुधारक महिला के रूप में उभरती हैं। ( )
   - ग) गाँव में शिक्षा और साधनों की कमी का वातावरण प्रस्तुत किया गया है। ( )
   - घ) विधवा स्त्री के प्रति दुर्व्यवहार यहाँ नहीं दिखाया गया है। ( )
4. निम्नलिखित में से कौन-सी बातें घीसा की माँ पर लागू होती है और कौन-सी नहीं। 'हां' या 'नहीं' में उत्तर दें:
   - क) घीसा की माँ स्वाभिमानी है। ( )
   - ख) उसका पति शहर में रहता है। ( )
   - ग) वह मेहनत-मजदूरी करके जीवन-यापन करती है। ( )
   - घ) घीसा को पढ़ाने की इच्छा उसमें नहीं है। ( )

vH;kl

2. महादेवी और घीसा के चरित्र की प्रमुख विशेषताएँ 10-10 पंक्तियों में लिखिए।

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

25-7 lajpuk-f'kYi

Hkk"kk % हम चर्चा कर चुके हैं कि 'पट' और 'कथा' दो शब्दों से मिलकर बने शब्द 'पटकथा' का मायने पट अथवा पर्दे पर दिखाई जाने के लिए लिखी गई कथा है वास्तव में 'पटकथा' शब्द अंग्रेज़ी के 'स्क्रिप्ट' (script) शब्द का हिंदी अनुवाद है। टेलीविज़न पर सिनेमा जैसे इलैक्ट्रॉनिक माध्यमों पर नाट्य रूप में प्रस्तुत करने के लिए तैयार की गई स्क्रिप्ट अथवा पटकथा की भाषा दर्शक और श्रोता के लिए सहज ग्राह्य और रोचक होनी चाहिए।

'घीसा' नामक पटकथा में लेखिका मन्नू भंडारी ने महादेवी के संस्मरण की चित्रात्मक भाषा को दैनिक व्यवहार की भाषा का रूप देने का प्रयास किया है। इस उद्देश्य से उन्होंने परिवेश और पात्रों के अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। पटकथा में बच्चों और बड़ों की समानांतर भूमिका है। महादेवी, बुआ, घीसा की माँ, आजी, ग्वाला और गाँव के स्त्री-पुरुष बड़े पात्र हैं। घीसा और शेष चार-पाँच लड़के बाल पात्र। पात्रों की भाषा उनकी उम्र और शिक्षा के अनुरूप है। खड़ी

बोली और अवधी दोनों का व्यवहार किया गया है। महादेवी जी अकेली खड़ी बोली बोलती हैं। शेष सभी पात्र अपने परिवेश और संस्कार के अनुकूल vo/kh बोलते हैं। तीस के दशक में जब यह रेखाचित्र लिखा गया था तब (और काफी हद तक आज भी) ग्रामीण अंचल के लोग अपनी बोली ही बोलते थे। इस दृष्टि से यह पटकथा यथार्थ पर आधारित है।

रोजमर्रा की भाषा का पैनापन पूरी पटकथा में मौजूद है। बुआ शहर में रहने वाली देहाती महिला है जो महादेवी को और साथ में अपने को भी झूसी गाँव के पात्रों से ऊपर का मानती है। उसकी भाषा में महादेवी के प्रति उलाहना है और ग्रामीणों के प्रति थोड़ा हिकारत का भाव–

d½ *"cqvk&हे भगवान! और कहीं जाने को न मिला? और इतवार के दिन लोग सैर सपाटे को निकले···· मिलना-जुलना करें,···· सलीमा-थिएटर देखें···· और ई जाएँगी झूसी''*

[k½ cqvk& अरे इत्ता बड़ा एक इसकूल उहाँ··· उससे पेट नाईं भरा जो अब पाठसाला हिंयाओ खुलेगी!····इतवार को कछु घड़ी चैन से सोते···बैठते, किसी से बतियाते सो अब इन लड़कन से माथा फोड़ो।

घीसा की माँ की भाषा में जीवन के कटु अनुभवों के तीखेपन और आक्रोश मिश्रित तार्किकता है *''गाँव वाले तो अइस बैर राखत हैं हमसें कि का बताईं···xxx बेवा होइ के बाद हम काहू के घर नाइ बइठै जौन से? हम नाहीं बैठ सकत कोई के घर। अब ई भी कोई जबरजस्ती है?···और हम सिंह का मेहरारू होयके सियारन के घर काहे जाब?''*

बच्चों की भाषा में लड़कपन की चंचलता है, उत्साह और जिज्ञासा है बाल सुलभ तार्किकता है–

क) *igyk cPpk % (जलेबी लेकर) दू ठौ अउर दैओ न····ई तो कम है। (बुआ धकेल देती है)*
nwl jk cPpk % हमरा भाई का वास्ता तो···(बुआ धकेल देती है)
rhl jk cPpk % हमरा जलेबी तो बहुत छोटा है···बड़ा देउना···(बुआ धकेल देती है)

ख) egknsoh th % तुम लोग पढ़ते हो? (बच्चे केवल एक-दूसरे की तरफ देखते हैं) स्कूल जाते हो तुम?
yM+dk % पाठसालाओ नाहीं हिंआ····कइसे जाएँगे?
egknsoh th% कोई पाठशाला नहीं यहाँ? (बच्चे केवल गर्दन हिला देते हैं। आश्चर्य से)–तो इस गाँव का कोई बच्चा पढ़ता ही नहीं?
yM+dk % सहर कउन जा सकत है पढ़ै की खातिर?
nwl jk yM+dk % रमेसर काका का लड़का जात है सहर····ऊँची किलास में पढ़त है···· अंग्रेजी भी।
(महादेवी जी सोच में पड़ जाती हैं)
egknsoh th % अगर पाठशाला हो तो पढ़ोगे (लड़के चुप···· एक दूसरे का मुँह देखते हैं) बोलो
yM+dk % किताब-सलेट तो हइये नाहीं पढ़िहैं कइसे?

ग) *nwl jk yM+dk % गुरु जी, छुट्टी का दिन कोयला की लकीर खींच के गिनि हैं कि चूने की टिपकियाँ गिनकर?*
rhl jk yM+dk % गुरु जी बरसात में तो हमार घर बहुत चुआत है····ई किताब कइसे रखि हैं?
pkSFkk yM+dk % हमार घर में तो चूहाओ बहुत····इत्ता दिन में कुतर डालि हैं तब?

अवधी भाषा का सहज प्रयोग पात्रों की भाषा में स्वाभाविकता पैदा करता है और झूसी के ग्रामीण इलाके के परिवेश की सृष्टि में सहायक बनता है। पात्रों की भाषा, तर्क और व्यंजना प्रधान है। परिणामस्वरूप दर्शक/पाठक को लगातार बाँधे रहती है उसके मन-मस्तिष्क को आकृष्ट किए रहती है।

dgkorksa vkSj eqgkojksa ds iz;ksx से पटकथा में चलती भाषा की रवानी पैदा हुई है–

''अरे हमार तो *बेमौत ही मरण है'*

''तुम गाँव वालों से *मेल-मुलाकात करके* आओ''

''अब यहाँ *मुँह सीकर तो बइठा* नहीं जाएगा''

''सो अब *इन लड़कन से माथा फोड़ो*।''

''हम *सिंह का मेहरारू हो इके सियारन* के घर काहे जाब?

''काहू के संग *मुंह काला करिस* है।

'kSyh

सामान्य बोलचाल की शैली में प्रस्तुत 'घीसा' नामक पटकथा में कई प्रकार का व्यंग्य मौजूद है। यह उस सामाजिक व्यवस्था पर व्यंग्य करती है जिसमें एक ओर तो गाँव गरीबी, अशिक्षा और उपेक्षा के शिकार हैं

> *,d cqtqxZ % ऊ जो सवेरे गाँव मा आई रहीं··· पाठशाला खोले खातिर ही आई रहीं सायद।*
>
> *nwljk % भलो हो उनका··· दो अच्छर इन निखट्टू लरिका को पढ़ा देइ तो ई भी अकिल की दुई बात सीख जइहैं।*
>
> *rhljk % अउर का··· नहीं तो सारा दिन हुड़दंग।*

दूसरी ओर स्त्रियों के प्रति अन्यायपूर्ण व्यवस्था पर भी व्यंग्य है। विधवा स्त्री-पुरुष प्रधान मानसिकता की शिकार है। उसका बच्चा गाँव वालों की विद्वेष दृष्टि का शिकार इसलिए है कि माँ की स्वाभिमान की भावना गाँव वालों की मर्जी के अनुरूप आचरण नहीं करती। वह मेहनत करके अपना और अपने बच्चे का जीवन यापन करना चाहती है, गाँव के किसी व्यक्ति की दया का पात्र नहीं बनना चाहती। नीचे दिए गए उदाहरणों में से (क) में विधवा स्त्री द्वारा अपना कष्ट बताया गया है और (ख) में गाँव के लोगों के व्यवहार का उदाहरण दिया गया है–

क) *L=h % का करि? दूसरा का घरन मा लीप-पोत के बस गुजारा करत हैं··· ई काम भी तो नाहीं करे देते हैं गाँव वाला हम का··· दो कोस दूर जाइ पड़त है··· गाँव वाले तो अइस बैर राखत हैं हमसे कि का बताई···'*

ख) *,d vkSjr % थोड़ा पास सरक कर, आवाज को धीमा करके तो फिर तुम एक बार गुरुआइन जी से जरूर बोल देव··· घीसा का न बिठाया करें पाठसाला मा··· ठीक नाहीं ऊ लरिका।*

cqvk % काहे?

vkSjr % (गर्दन झटक कर) बाप का कौनों पता नाहीं··· बेवा भई तो कित्ते लोग घर बिठाइवे का बोले रहे पर नाहीं··· बड़े घरन की सती-सावतरी का ढोंग··· अउर फिर जाने काहू के संग मुँह काला करिस है।

cqvk % अच्छा?

vkSjr % अउर का? अरे जायि कछु ऊँचा-नीचा हुई भी गवा तो (हाथ के इशारे से संकेत करती है) पर नाहीं बच्चाओ जनेंगी हम सब की छाती पर··· । हम तो अपना लरकन-बच्चन से कहि दीन कि दूरै रहा करें···गन्द का ढेर।

संस्मरणात्मक रेखाचित्र पर आधारित होने के कारण इस पटकथा में व्यक्ति-व्यंजक शैली भी मौजूद है महादेवी का घीसा के प्रति स्नेह भाव, बच्चे के निस्वार्थ प्रेम को पाकर उनकी विह्ललता इस पटकथा में आत्म-व्यंजक शैली का समावेश करती है।

> *egknsoh th % bruk dherh migkj rks vkt rd eq>s fdlh us ugha fn;k esjs cPps! (खींच कर वे घीसा को अपनी छाती से लगा लेती हैं·· उनकी आँखों से आँसू बह निकलते हैं।)*

laokn

'घीसा' नामक रेखाचित्र को पटकथा में रूपांतरित करते हुए समस्त विवरण को प्रत्यक्ष कार्यकलाप में रूपांतरित करते हुए उसे पात्रों के संवादों तथा उनके कार्यों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। संवाद विभिन्न पात्रों की आयु, शिक्षा, सामाजिक स्थिति और मानसिकता के अनुरूप हैं। उनमें रोजमर्रा के वार्तालाप की रवानी है। बच्चों की प्रमुख भूमिका होने के कारण संवादों में बालसुलभ जिज्ञासा है, तर्क है, कौतुहल है, उत्साह है, सहजता है–

> *yM+dk % सहर कउन जा सकत है पढ़ै की खातिर?*
>
> *nwljk yM+dk % रामेसर काका का लड़का जात है सहर··· ऊँची किलास में पढ़त है··· अंग्रेजी भी। (महादेवी जी जैसे सोच में पड़ जाती हैं)*
>
> *egknsoh th % अगर पाठशाला हो तो पढ़ोगे? (लड़के चुप···एक-दूसरे का मुँह देखते हैं) बोलो!*
>
> *yM+dk % किताब सलेट तो हइये नाहीं पढ़िहैं कइसे?*

egknsoh th% *अच्छा, अगर किताब-स्लेट मिले तो पढ़ोगे? (बच्चे थोड़ी देर चुप) मन करता है पढ़ने का?*

yM+dk % *पढ़ाइगा कउन··· गुरुजी तो हइये नई।*

nwljk yM+dk % *और सिलेट किताब देगा कउन?*

egknsoh th % *मैं पढ़ाऊँगी···स्लेट-किताब भी मिलेगी फिर तो पढ़ोगे?*

cPps % *हाँ, तब तो जरूर पढ़ि हैं। (बच्चों के चेहरे पर उल्लास दिखाई देता है)*

'घीसा' के संवाद छोटे-छोटे और स्वाभाविक हैं। कथा को आगे बढ़ाते हुए दर्शक की जिज्ञासा को कायम रखते हैं। कक्षा में छात्र और अध्यापिका के बीच के संवाद हों या गाँव की स्त्रियों की बातचीत संवाद पात्रानुकूल और स्वाभाविक हैं। बीमारी के कारण घीसा के पाठशाला न जा पाने की स्थिति हो या ग्वाले से शहर के दंगे की खबर सुनकर बीमारी की हालत में घीसा के महादेवी जी के पास पहुँचने के प्रयास की स्थिति संवाद सहज, स्वाभाविक और मार्मिक हैं। लंबे-लंबे रंग-संकेतों (प्रस्तुति संकेतों) के द्वारा संवादों को प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया है।

25-8 n`';kRedrk vkSj izLrqfr-f'kYi

घीसा में चार-पाँच बाल पात्र हैं तथा पाँच स्त्री पात्र और तीन पुरुष पात्र। बाल पात्रों और तीन स्त्री पात्रों –महादेवी, बुआ, घीसा की माँ– और ग्वाले को छोड़ शेष बड़े पात्र बहुत ही थोड़ी देर को आए हैं। पटकथा की प्रस्तुति की दृष्टि से यह पर्याप्त व्यावहारिक और सुविधाजनक स्थिति है। ध्यान दें कि नाटक अथवा एकांकी और पटकथा दोनों ही अभिनय के माध्यम से दृश्य बनाए जाते हैं। किन्तु दोनों की प्रस्तुति का स्वरूप नितांत भिन्न होता है। नाटक दर्शकों के समक्ष मंच पर प्रस्तुत किया जाता है। जीते-जागते अभिनेता- अभिनेत्रियाँ उसे सजीव रूप में दिखाते हैं। घटना का स्थान और परिस्थिति दिखाने के लिए मंच पर साज-सज्जा की जाती है, स्टेज प्रॉपर्टी का इस्तेमाल किया जाता है। इसके विपरीत पटकथा स्टूडियो के भीतर अथवा बाहर कहीं उपयुक्त स्थान/स्थानों पर फिल्माई जाती है। अभिनय वहाँ भी किया जाता है किंतु अभिनेता-अभिनेत्री दर्शकों के सामने नहीं कैमरे के सामने प्रस्तुति करते हैं। इसके भिन्न-भिन्न दृश्य अथवा एक ही दृश्य के विभिन्न हिस्से अलग-अलग स्थानों पर फिल्माए जा सकते हैं–दूर-दूर जाकर फिल्माए जा सकते हैं, टुकड़ों-टुकड़ों में फिल्मा कर उन्हें जोड़ा जा सकता है। अतः इसमें अभिनय का महत्त्व तो अपनी जगह होता ही है दृश्य-संकेतों, रंग-निर्देशों का बहुत अधिक महत्त्व होता है। आपने गौर किया होगा कि 'घीसा' में संवाद और दृश्य निर्देश तथा रंग संकेत लगभग समान तादाद में हैं। कभी-कभी तो पूरा-का-पूरा दृश्य ही रंग-संकेत का है जैसे तीसरा दृश्य या आखिरी दृश्य। अधिकांश कार्य व्यापार का विकास और पात्रों की मानसिकता इन संकेतों के माध्यम से प्रस्तुत की गई है। कैमरा कहाँ-कहाँ घूमेगा यानी क्या-क्या दृश्य दिखाएगा यह संकेत यहाँ दिया गया है।

अभिनय की दृष्टि से अथवा फिल्माने की दृष्टि से पटकथाकार ने प्रस्तुति की बारीकियों पर पूरा ध्यान दिया है।

cks/k iz'u

5. (×) और (√) गलत का निशान लगाकर उत्तर दीजिए।
   - क) 'घीसा' में केवल खड़ी बोली हिन्दी का प्रयोग किया गया है ( )
   - ख) सभी पात्र एक-सी भाषा बोलते हैं ( )
   - ग) भाषा पात्रानुकूल है ( )
   - घ) भाषा में बोलचाल की रवानी है ( )
6. 'घीसा' पटकथा में रेखाचित्र और पटकथा पढ़िए और उसमें प्रयुक्त मुहावरों और कहावतों का अर्थ बताइए।

....

....

....

....

....

....

vH;kl

3. घीसा के संवादों की विशेषताएँ चार पंक्तियों में बताइए।

....

....

....

....

....

4. दृश्यात्मकता की दृष्टि से घीसा पर पाँच पंक्तियाँ लिखिए।

....

....

....

....

....

25-9 eY;kdu

आपने महादेवी वर्मा के प्रख्यात रेखाचित्र 'घीसा' पर आधारित मन्नू भंडारी द्वारा लिखित पटकथा का इस इकाई में अध्ययन किया है। इस भाग में हम इस पटकथा का मूल्यांकन करेंगे। मूल्यांकन के अंतर्गत रचना का उद्देश्य और शीर्षक पर टिप्पणी की गई है।

i.fr ik|

इस इकाई के पिछले भागों में 'घीसा' नामक पटकथा को पढ़ने का बाद आपने कथावस्तु, पात्र, शिल्प संरचना आदि विभिन्न पक्षों से उसके बारे में जानकारी हासिल की है। आप अब समझ गए होंगे कि इस पटकथा का उद्देश्य एक ग्रामीण गरीब बच्चे को केंद्र में रखते हुए सामाजिक न्याय, गाँव में शिक्षा का अभाव, शहर में दंगों से उत्पन्न तनाव, गरीबी आदि जैसे कई प्रश्न उठाना है। इसके साथ ही यह पटकथा शहरी और ग्रामीण लोगों कि बीच सुविधा-सम्पन्न और वंचित वर्गों के बीच परस्पर सहयोगी संबंधों की जरूरत को भी रेखांकित करती है। महादेवी की झूसी के खंडहरों के आस-पास के इलाके में दिलचस्पी वास्तव में भारतीय जन को निकट से जानने की उनकी आकांक्षा की अभिव्यक्ति है। यही कारण है कि केवल बच्चों को पढ़ाने का प्रसंग ही नहीं लिया गया है। उसके साथ-साथ मल्लाहों, ग्वालों, गाँव की स्त्रियों-पुरुषों की मानसिकता, महादेवी के प्रति उनके मन में जिज्ञासा और सम्मान के भाव को भी उकेरा गया है।

शिक्षित और अशिक्षित, शहरी और देहाती समाज को जोड़ने की आवश्यकता और जोड़ने के तरीके को प्रस्तुत करती यह पटकथा संवेदना के स्तर पर काफी मार्मिक है। सभी लोगों से उपेक्षा पाने का आदी बच्चा घीसा महादेवी का स्नेह पाकर निस्वार्थ भाव से उनको स्नेह और आदर प्रदान कर उठता है उनसे भावनात्मक रूप से उसका यह जुड़ाव उसके गुणों को उभरने का अवसर देता है। पाठशाला की सफाई, महादेवी जी की प्रतीक्षा, उनके सामान के उठा कर लाना, उनकी आज्ञा का अक्षरशः पालन, दंगों के बारे में सुन कर उनकी सुरक्षा की चिंता और उनसे शहर न जाकर गाँव में रुके रहने का आग्रह जैसे कार्यकलाप घीसा को जैसे बचपन में ही परिपक्व बना देते हैं।

कुल मिलाकर 'घीसा' का प्रतिपाद्य सामाजिक सरोकारों को उभार कर पाठक/दर्शक की संवेदना को अपने आसपास के परिवेश के प्रति जागरूक और दायित्वपूर्ण बनाना है।

'kh"kd % संपूर्ण कथानक घीसा को केंद्र में रखकर चलता है अतः उसके नाम को ही शीर्षक के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस दृष्टि से 'घीसा' शीर्षक सर्वथा उपयुक्त और संप्रेषणीय है।

25-10 lkjka'k

प्रस्तुत इकाई में आपने महादेवी वर्मा के 'घीसा' नामक रेखाचित्र का मन्नू भंडारी द्वारा किया गया 'पटकथा' में रूपांतरण पढ़ा। इस प्रक्रिया में आपने एक ही कथ्य को दो अलग-अलग माध्यमों के लिए प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। पढ़ने के लिए प्रस्तुत

की गई रचना को दृश्य रूप में पर्दे पर देखने की अपेक्षाओं के अनुरूप ढाले जाने की प्रक्रिया को आपने समझा। इसके साथ ही आपने इसके संवेदना और संरचना-शिल्प की जानकारी भी प्राप्त की। इसके लिए कथानक, चरित्र-चित्रण, परिवेश, भाषा आदि की दृष्टि से घीसा का अध्ययन किया। अब आप इस पटकथा के विषय में जानकारी दे सकते हैं, इसका विश्लेषण कर सकते हैं।

25-11 'kCnkoyh

vonku % योगदान
frjLÑr % उपेक्षित, जिसे सब दूर रखते हों
LVst-izkWiVh % नाटक के मंच पर इस्तेमाल किया जाने वाला साज-सामान
Hkkokfrjsd % भावुकता

25-12 cks/k iz'uksa@vH;klksa ds mÙkj

cks/k iz'u

1. अंतिम परिणति में घीसा की असामयिक मृत्यु के प्रसंग को पटकथा में शामिल नहीं किया गया है और उसे घीसा द्वारा महादेवी जी को तरबूज भेंट करने के साथ समाप्त कर दिया गया है।
2. पटकथा में गाँव के वृद्ध लोगों की बातचीत को शामिल किया गया है, जो रेखाचित्र में नहीं है।
3. क) नहीं; ख) हाँ; ग) हाँ; घ) नहीं
4. क) हाँ; ख) नहीं; ग) हाँ; घ) नहीं
5. क) × ख) × ग) √; घ) √
6. उत्तर स्वयं लिखिए।

vH;kl

1. अपने उत्तर को भाग 25.3 से मिलाकर स्वयं जाँचिए।
2. उत्तर भाग 25.5 के आधार पर लिखिए।
3. उत्तर भाग 25.7 के आधार पर लिखिए।
4. उत्तर भाग 25.8 के आधार पर लिखिए।

[kaM ds fy, mi;ksxh iqLrdsa

- *डॉ. सिद्धनाथ कुमार, 'हिंदी एकांकी की शिल्पविधि का विकास'*, इंद्रप्रस्थ प्रकाशन, दिल्ली।
- *डॉ. द्वारिका प्रसाद सक्सेना, 'हिंदी के प्रतिनिधि एकांकीकार'* साहित्य रत्न भंडार, आगरा।
- *मनोहर श्याम जोशी, 'पटकथा लेखनः एक परिचय'*, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
- *मन्नू भंडारी, कथा-पटकथा,* वाणी प्रकाशन, दिल्ली।